# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 26.10.2024 को आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री उमेशचन्द्र निगम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में भरतकूप में थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान पीआरओ श्री प्रवीण सिंह, उ0नि0श्री राहुल पाण्डेय थाना भरतकूप एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति पाने वाले निरीक्षक श्री राजेश द्विवेदी के कन्धों पर सफेद धातु के स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोन्नति पाने वाले उपाधीक्षक का मुंह मीठा कराया गया तथा शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जनसूचना सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय,प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल श्री प्रदीप यादव, प्रभारी निरीक्षक श्री वीर प्रताप सिंह, प्रभारी आंकिक श्री शमसुद्दीन,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0श्री राम आधार सिंह व आरक्षी जलीलउद्दीन द्वारा अभियुक्त नंदकिशोर कॉल पुत्र नंदा कल निवासी कोटा कदैला थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 18 अदद पाउच ठेका देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(7).** आज दिनाँक 26.10.2024 को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा एवं जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 तथा पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में महोदय द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाइन चित्रकूट में बने शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को नमन किया गया तथा गेस्ट हाउस कर्वी में सलामी लेकर आगामी दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रामघाट,निर्मोही अखाड़ा एवं परिक्रमा मार्ग का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया,महोदय द्वारा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाये रखने के लिए साफ सफाई,वाहनों का स्टैण्ड तथा रामघाट पर घाटों की सफाई कराये ताकि स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को स्नान कर पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। निर्मोही अखाड़ा के बगल में बने नाले को सफाई कराने तथा पास में बैरकेडिंग लगवाये जिससे मेला में क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को गिरने से बचाया जा सके एवं मेला में क्षेत्र अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण टैम्पो स्टैण्ड एवं बस स्टैण्ड आदि चार पहिया वाहनों के खड़े करने हेतु स्टैण्डों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, अधिशासी अभियंता विद्युत श्री दीपक सिंह, जल संस्थान श्री डी के सत्संगी, लोक निर्माण विभाग श्री संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्री लाल जी यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**(8).** आज दिनाँक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उ0नि0 एलआईयू श्री शिवदत्त के नेतृत्व में ए0एस0चेक बांदा,डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत निर्मोही अखाड़ा,रामघाट आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।